पंजाब केसरी 21/02/2026

प्राध्यापकों ने किया अपनी खेल भावना और स्फूर्ति का बेहतरीन प्रदर्शन

अम्बाला छावनी, 20 फरवरी (पंकेस): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में पुरुष शिक्षण स्टाफ के लिए एक उत्साहजनक बैडमिंटन मैच का आयोजन किया गया। पी.सी. जोशी मैमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने अपनी खेल भावना और स्फूर्ति का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज में सह-प्राध्यापक डॉ. एस.एस. नैन द्वारा किया गया, जिन्होंने शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ शारीरिक फिटनैस और मानसिक स्फूर्ति के महत्व पर जोर दिया।

प्रतियोगिता में शिक्षकों ने नेट पर अपनी चपलता और स्मैश से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं ऑडिटोरियम का माहौल तालियों और उत्साह से गूंज उठा और प्रतियोगिता के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। शारीरिक शिक्षा विभाग की देखरेख में मैच सुचारू रूप से संपन्न हुए और सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में विजेता रहे प्राध्यापकगण। (चंद्रमोहन)

मैच में अम्पायर की भूमिका डॉ. सुरजीत ने निभाई। वहीं प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली जिसमें डॉ. अमित ने पहले स्थान, डॉ. धर्मवीर ने दूसरे स्थान, डॉ. एस.के. पांडे ने तीसरा स्थान और डॉ. शुभम ने चौथे स्थान का अधिकार प्राप्त किया।

वहीं समापन समारोह में सह-प्राध्यापक डॉ. एस.एस. नैन ने विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य बेहतर करते हैं, बल्कि स्टाफ के बीच आपसी समन्वय और टीम भावना भी बढ़ाते हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।